## महत्वपूर्ण एवं खास

### पहाड़ी नाले में बह गया कोबरा 210 बटालियन का एक जवान

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सीआरपीएफ के कोबरा 210 बटालियन के जवान घुर नक्सल प्रभावित उसूर ब्लाक के सिलगेर इलाके में आज सुबह 07 बजे सर्चिंग पर निकले थे, सभी जवान पहाड़ी नाला पार करने के दौरान एक हादसा हो गया जिसमें पहाड़ी नाले के तेज बहाव में एक कोबरा 210 बटालियन का जवान आर. सूरज निवासी केरल बह गया, साथी जवान उसकी तलाश कर रहे हैं। विदित हो कि विगत एक सप्ताह से अनवरत इलाके में हो रही बारिश के चलते नदी नाले उफान पर है, वहीं बीती रात भर से यहां बारिश जारी होने से पहाड़ी नाले का बहाव कुछ अधिक हो गया है। बीजापुर एसपी अंजनेय वाष्णेय ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया की जवान की तलाश जारी है।

### नौकरी के नाम पर ठगी का आरोपी एनएमडीसी कर्मचारी गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले की किरंदुल पुलिस ने एनएमडीसी में नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले एनएमडीसी कर्मचारी पवन डेविड को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी के आवेदन पर पवन डेविड के विरूद्ध धोखाधड़ी का मामला थाना किरन्दुल में अपराध क्रमांक 56/2022 धारा 420 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लेकर आरोपी पवन डेविड पिता के. डेविड को गिरफ्तार कर थाना प्रभारी जितेंद्र ताम्रकार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक के. सीमाचलम तथा भोजराम ध्रुव ने कार्रवाई के उपरांत आज न्यायालय में पेश किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी किरंदुल निवासी शहजादी सत्तर के रिपोर्ट में बताया गया कि वर्ष 2013 में के पवन डेविड इनके घर आकर मेरी एमएमडीसी में बहुत पहचान है, आपके दामाद अब्दुल मजीद को एनएमडीसी कंपनी में नौकरी लगा दूंगा बोलकर भरोसा दिया। उस पर भरोसा कर पवन डेविड प्रार्थिया द्वारा 12 लाख रूपये नगद दिये, इसी प्रकार प्रार्थिया की भांजी दामाद युसुफ बेग से एनएमडीसी में नौकरी लगाने के नाम पर कुल 07 लाख नगद तथा 01 लाख रूपये चेक के माध्यम से दिया गया तथा दिनेश कुमार पटेल से 07 लाख नगद तथा 01 लाख चेक के माध्यम से दिये जाने की जानकारी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि उपरोक्त में से किसी की एनएमडीसी में नौकरी नहीं लगाया और पूरा पैसा गबन कर लिया।

### कर्मचारी चयन आयोग : मल्टी टास्किंग स्टाफ एवं हवलदार परीक्षा 26 तक

**रायपुर (आरएनएस)।** कर्मचारी चयन आयोग द्वारा मल्टी टास्किंग (नॉन-टेक्निकल) स्टाफ एवं हवलदार परीक्षा -2021 परीक्षा 5 जुलाई से 26 जुलाई तक आयोजित की जायेगी। यह परीक्षा सुबह 9 बजे से शाम 6:30 बजे तक तीन पालियों में रायपुर शहर के आईओएन डिजिटल जोन, सरोना पार्थिवी प्रोविन्स और कमर्शियल काम्पलेक्स में आयोजित होगी। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर रूचि शर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### माता पहुंचनी पर शीतला मंदिर में लगा भक्तों का मेला

**महासमुंद (आरएनएस)।** गुरुवार को शहर के शीतला मंदिर में माता पहुंचनी पर्व पर मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगा रहा। इस दौरान मंदिर के अंदर और बाहर मेले सा माहौल रहा। सुबह से भक्त माता की विधिवत पूजा-अर्चना करने हल्दी, नीम पत्ता, चना दाल और माता के लिए श्रृंगार आदि लेकर पहुंचते रहे। मंदिर पहुंचे भक्तों को मंदिर समिति द्वारा हल्दी पानी छिडक़र ठंडाई दी गई। मंदिर में भक्तों के पहुंचने का सिलसिला सुबह से शुरु हो गया है जो देर शाम तक जारी रहेगा। ज्ञात हो कि प्रतिवर्ष भक्तगण माता शीतला को ठंडाई चढ़ाने के लिए पहुंचते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दिन पूजा करने से बच्चों पर गलवा, छोटी और बड़ी माता का प्रकोप नहीं पड़ता। इसलिए हर वर्ष लोग माता पहुंचनी पर पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंचते हैं।

# मुख्यमंत्री ने स्वर्णशारदा स्कॉलरशिप 2022 वितरण कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्राओं को किया सम्मानित

- छत्तीसगढ़ में शिक्षा का बना बेहतर वातावरण : मुख्यमंत्री बघेल
- बेटियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने की पहल
- 12वीं बोर्ड में प्रदेश के टॉपर रायगढ़ की छात्रा कु.कुन्ती साव और आदर्श ग्राम्य भारती स्कूल पुसौर को एक-एक लाख रुपए की राशि प्रदत्त




**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज शाम आईबीसी-24 द्वारा राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित स्वर्णशारदा स्कॉलरशिप 2022 वितरण कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्राओं को सम्मानित किए। स्वर्णशारदा स्कॉलरशिप के तहत राज्य की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री बघेल ने इस दौरान प्रदेश के छात्र-छात्राओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने आईबीसी-24 संस्थान द्वारा की जा रही पहल की सराहना की। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंडिया सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में शिक्षा को लेकर जागरूकता का बहुत अच्छा वातावरण निर्मित हुआ। यहां कोरोनाकाल की बाधाओं के बावजूद हमारे बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों ने शिक्षा की अलख को जगाया रखा। उन्होंने कहा- जैसा मुझे बताया गया है कि स्वर्णशारदा स्कॉलरशिप के तहत राज्य के 12वीं बोर्ड परीक्षा में हर जिले में प्रथम आने वाले छात्राओं को 50 हजार रूपए, प्रदेश में प्रथम आने वाली छात्रा एवं उसके स्कूल को एक-एक लाख रूपए स्कॉलरशिप प्रदान की जाती है। साथ ही प्रत्येक संभाग में प्रथम आने वाले छात्रों को भी 50 हजार रूपए की स्कॉलरशिप प्रदान की जाती है। जब हम अपनी प्रतिभाओं का सम्मान करते है और उनकी मदद के लिए आगे आते है तो हम न सिर्फ उनके, बल्कि पूरे समाज के स्वर्णिम भविष्य की रचना करने में अपना हाथ बंटाते है। हमारी ये प्रतिभाएं ही हमारे प्रदेश का भविष्य हैं। नवा छत्तीसगढ़ के निर्माण का सपना इन्हीं के माध्यम से पूरा होगा।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि राज्य में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल योजना ने उत्कृष्ट शिक्षा पर हर वर्ग के विद्यार्थियों का अधिकार सुनिश्चित किया है। इस योजना में अब अंग्रेजी के साथ-साथ हिन्दी माध्यम के भी उत्कृष्ट स्कूल प्रारंभ कर दिए गए है। भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में मैं जिस भी गांव या शहर में जाता हूं वहां इस योजना को लेकर बहुत अच्छा फीडबैक मिल रहा है। सभी क्षेत्रों में लोग नए स्कूलों की मांग कर रहे हैं। हम उनकी मांग के अनुरूप स्कूलों की संख्या में वृद्धि भी कर रहे हैं। हमारी सरकार द्वारा राज्य में इन स्कूलों के साथ-साथ अन्य सभी शासकीय स्कूलों की अधोसंरचना को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहे है, ताकि हमारी प्रतिभाएं बिना किसी बाधा व रूकावट के आगे बढ़ सकें।

## रोजगार की मांग को लेकर ग्रामीणों ने दी 10 जुलाई को आन्दोलन की चेतावनी



**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा खदान के अंदर ओबी का काम करने आए हरेराम गोदरा कंपनी की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ने वाली है क्योंकि खदान प्रभावित गांव उमेंदीभाठा, बाम्हनपाठ, भिलाईबाजार, मुड़ियानार के ग्रामीणों ने युवा नेता मुरली महंत के नेतृत्व में कंपनी के एक अधिकारी को हटाने तथा कंपनी में क्षेत्रीय बेरोजगारों को रोजगार दिए जाने की मांग को लेकर 10 जुलाई को उसके खिलाफ आंदोलन छेडऩे की चेतावनी दी है। इस दौरान कंपनी के कार्यों को पूरी तरह ठप्प कर दिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश उपाध्याक्ष मुरली महंत ने बताया कि एसईसीएल गेवरा खदान में छत्तीसगढ़ के बाहर की कंपनी हरेराम गोदरा ओबी का काम करने आई है। उक्त कंपनी के द्वारा बाहरी लोगों को यहां पर नौकरी दिया जा रहा है और जिनकी जमीन एसईसीएल को चली गई है एवं क्षेत्रीय बेरोजगारों को रोजगार नहीं दिया जा रहा है जबकि खदान से लगे ग्राम भिलाईबाजार, उमेंदीभाठा, बाम्हनपाठ, मुड़ियानार एवं अन्य गांव जो कि एसईसीएल से प्रभावित भूविस्थापित एवं बेरोजगारों को रोजगार नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा रोजगार मांगे जाने पर कंपनी द्वारा ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार कर लोगों को भगा दिया जाता है। ऐसी स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों के द्वारा हड़ताल या काम बंद कराया जाता है तो रलिया के जनप्रतिनिधियों, भिलाईबाजार के सरपंच एवं छिंदपुर के बीडीसी को बुलाकर कंपनी के अधिकारी अजय सिंह के द्वारा आपस में लड़ाया जाता है। उसके द्वारा कंपनी में तानाशाही, दादागिरी एवं अंग्रेज हुकूमत चलाया जा रहा है। दूसरे प्रांत से लगभग 300 लोगों को लाकर कैंप में रखा है। इन्हें कैंप से बाहर निकलने तक नहीं दिया जाता है। इसकी जानकारी कई बार एसईसीएल प्रबंधन गोदरा कंपनी, एसडीएम कटघोरा, तहसीलदार दीपका, चौकी प्रभारी हरदीबाजार को दी गई है जिस पर आज दिनांक तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा है। जिससे उनके हौसले बुलंद हैं। हमें बाध्य होकर कंपनी के खिलाफ 10 जुलाई को आंदोलन करना पड़ रहा है जिसमें उसके काम को पूरी बंद करा दिया जाएगा। इस दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन एवं ठेका कंपनी की होगी।

## लालपुर गांव में हाथियों ने तोड़े चार मकान, ग्रामीणों में दहशत



**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। यहां के जंगल में बड़ी संख्या में हाथियों का दल घूम रहा है। यह दल लगातार ग्रामीणों के मकान व फसल को नुकसान पहुंचा रहा है। गुरुवार तडक़े जहां हाथियों के दल ने जटगा रेंज के बासिन सर्किल में एक ग्रामीण के घर के बाहर बंधे दो मवेशियों पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया था और एक अन्य को घायल कर दिया था। वहीं बीती रात यह दल केंदई रेंज के लालपुर गांव में पहुंचकर चार ग्रामीणों के घर को ढहा दिया। जिससे संबंधितों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। जटगा क्षेत्र से आए 12 हाथी तथा परला में पहले से मौजूद 13 हाथियों का दल एक साथ मिल गए और आधी रात को गांव में प्रवेश कर भारी उत्पात मचाया। हाथियों के उत्पात से ग्रामीण दहशत में हैं।

## प्रशासन और पुलिस की कोशिश से टला जमीन विवाद का संघर्ष

**कोरबा।** बालकोनगर थाने की रजगामार चौकी क्षेत्रांतर्गत मसाहती गांव पतरापाली में 70 डिसमिल जमीन पर कब्जे को लेकर ग्रामीणों से उभय पक्षों के मध्य खूनी संघर्ष की स्थिति विगत काफी दिनों से चली आ रही थी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए रजगामार पुलिस विवाद जमीन का तहसीलदार से आदेश लेकर मौके पर सीमांकन कार्रवाई करते हुए उभय पक्षों को समझाईश दी। जिसके कारण फिलहाल मामला शांत हो गया है। ग्राम आमाडांड निवासी पतंग अघरिया से राज सिंह मार्को, मोहित कुमार दो एकड़ जमीन लीज पर लेकर उसमें सब्जी की खेती करता है। वहीं पतरापाली निवासी सुखीलाल, भूखनलाल, मंगल सिंह, तिहारू राम, राजेश आदि ग्रामीण भी तीन एकड़ जमीन अपने कब्जे में लेकर सब्जी व अन्य फसल की खेती करते चले आ रहे हैं। इन दोनों पक्षों के मध्य 70 डिसमिल जमीन पर कब्जे को लेकर विगत कई महीनों से विवाद चला आ रहा है। दोनों पक्ष उस जमीन को अपना बताते हुए उसमें अपने-अपने हिसाब से फसल लगा देते थे। जिसके कारण फसल पर कब्जे को लेकर उनके मध्य आए दिन विवाद की स्थिति बनी रहती थी। मौजूदा समय में इन दोनों पक्षों के मध्य कुछ दिनों से इतना तनातनी हो गई थी कि इनमें खूनी संघर्ष की स्थिति निर्मित होने लगी थी। रजगामार चौकी प्रभारी सुरेश जोगी ने तत्काल तहसीलदार से लिया। राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारी को ले जाकर उभय पक्षों की उपस्थिति में सीमांकन कराया। हालांकि इस दौरान भी उक्त 70 डिसमिल जमीन उभय पक्षों के मध्य काबिज जमीन तीन एकड़ एवं दो एकड़ के मध्य स्पष्ट नहीं हो सकी।

## प्रबंधन नियोजन पद के अनुसार कब देंगें काम: मजदूर संघ



**कोरबा।** एसईसीएल दीपका क्षेत्र में कुछ कर्मियों से अनुचित तरीके से काम लिया जा रहा है। संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक ने जानना चाहा कि प्रबंधन इन्हें पद के अनुसार कब काम देगा। संगठन ने इस तरह की 17 मांगों को लेकर एपीएम दुर्गा प्रसाद से भेंट की और ज्ञापन सौंपा। इससे पहले प्रगति नगर से रैली निकाली गई।

संगठन के पदाधिकारी संजीव शर्मा ने बताया कि दीपका क्षेत्र में सिक्यूरिटी गार्ड, ड्राइवर और अस्पताल में कुछ कर्मियों को अन्य पदों पर काम पर लगाया गया है। इन्हें पद के हिसाब से काम दिया जाना चाहिए। दो कर्मियों की उपस्थिति काटने को लेकर संगठन ने नाराजगी जताई। इनकम टैक्स की अधिक कटौती करने की बात भी ज्ञापन में कही गई। संगठन ने कहा कि सीएमपीएफ पासबुक से लेकर कई सुविधाएं कर्मियों को नहीं दी गई है। इस पर संज्ञान लिया जाए। पे.स्लीप में अनियमितता बरते जाने के साथ-साथ ठेका मजदूरों को किये जा रहे भुगतान की दर बताने की मांग एपीएम से की गई है। दीपका परियोजना में छह महीने से खड़े नए वाहनों का प्रचालन अब तक क्यों शुरू नहीं किया गया। इस पर भी प्रबंधन से जवाब चाहा गया है। ओबी में कोयले वाले सभी ठेके के मामले में कंपनी के साथ एटक की बैठक हो यह सबसे खास मांग शामिल की गई। मेडिकल बिल के लंबित भुगतान के साथ-साथ दिवंगत कर्मियों की बकाया राशि का भुगतान करने, 30 अप्रैल को रिजल्टेड पोस्ट को अतिशीघ्र जारी करने और एक नंबर एमटीके मार्ग को ठीक करने व वर्कशॉप कैंटीन को चालू करने की आवश्यकता भी जताई गई है।

## मालवाहक ऑटो में दो लाख का कीमती कबाड़ जब्त



**कोरबा।** संयुक्त छापामार कार्रवाई के दौरान आज सुबह दबिश देकर सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल की टीम ने मालवाहक ऑटो में कबाड़ी के गोदाम लाए गए दो लाख कीमती कबाड़ को जब्त कर मालवाहक ऑटो के चालक को गिरफ्तार कर लिया। जबकि कबाड़ी फरार हो गया। जिसकी सरगर्मी से पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार राताखार निवासी मालवाहक ऑटो चालक राजेश कुमार उपाध्याय उम्र 40 पिता मनहरण लाल उपाध्याय अपने मालवाहक ऑटो में दो लाख कीमती लोहे के उपकरणों का कबाड़ लेकर राताखार स्थित मुकेश साहू कबाड़ी के यहां उसके गोदाम में खाली करने के लिए लेकर पहुंचा। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर निवर्तमान एसपी भोजराम पटेल के मार्गदर्शन एवं एएसपी अभिषेक वर्मा, कोरबा सीएसपी योगेश साहू के पर्यवेक्षण में सिटी कोतवाली टीआई राजीव श्रीवास्तव अपने हमराह स्टाफ एवं साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक कृष्णा साहू अपने हमराह स्टाफ के साथ संयुक्त रूप से छापामार कार्रवाई करते हुए उपरोक्त ऑटो वाहन को जब्त कर उसके चालक को गिरफ्तार कर लिया जबकि कबाड़ी मुकेश साहू फरार हो गया। जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। उपरोक्त कबाड़ 41-1-4/379 के तहत जब्त कर लिया गया है। इसे अलावा कबाड़ चोरी में प्रयुक्त वाहन भी पुलिस ने जब्त किया है। पकड़े गए चालक से इस मामले में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। ज्ञात रहे कि इन दिनों पुलिस ने कबाड़, जुआ, सट्टा, डीजल एवं कोयला चोरी के मामलों को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के गिरेबान पर हाथ डालने के लिए पूरे जिले में जुटी हुई है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंची मेडिकल टीम, पीड़ितों का किया स्वास्थ्य परीक्षण



**कोरबा।** विकासखंड कोरबा में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लोगों को बीमारियों से बचाने और दूर रखने के लिए कोशिश जारी है। वर्षाकाल में होने वाली समस्याओं को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। कई स्थानों पर पहुंची मेडिकल टीम ने शिविर लगाने के साथ पीड़ितों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। हर स्तर पर जांच की गई। संबंधितों को दवाएं उपलब्ध कराने के साथ जरूरी सलाह भी दी गई।

विशेष पिछड़ी जनजातियों से संबंधित शिविर लगाने का काम विकासखंड में जारी है। बीएमओ डॉ. दीपक राज के मार्गदर्शन में खोखराआमा, छातासराई में स्वास्थ्य सुधार के लिए शिविर लगाया गया। इस टीम में बीएमओ डॉ. राज के साथ डॉ. प्रीतेश मसीह, अशरफ अंसारी डीपीएम, डॉ. दिनेश धनगर आयुष, दुर्गा तिवारी फार्मासिस्ट, एस.पी. चौधरी लैब टेक्नोलाजिस्ट, इंद्रजीत सिंह, पवन साहू शामिल थे। यहां पर जनसंख्या की जानकारी लेने के साथ आयुष्मान, जननी सुरक्षा, टीकाकरण, टीबी, कुष्ठ, महामारी, कुपोषण और गैरसंचारी रोग व वर्षा से होने वाली बीमारियों की रोकथाम की जानकारी दी गई। यहां पर हाई शुगर और जुबेनाइल डायबिटिज के मरीज मिलने पर संबंधित को जिला चिकित्सालय उपचार हेतु लाने निर्देशित किया गया। खोखराआमा के काशीपानी और कुकरीचोली में संभावित प्रसव के चार हितग्राहियों के लिए वाहन व्यवस्था कराई गई ताकि जोखिम से बचा जा सके। टीम.बी में डॉ. बी के चंद्रा, डॉ बी के नोरगे, आरएम, लेखराम गौतम, एमएलटी योगेश साहू, परेश्वर पटेल फार्मासिस्ट, सीएचओ सीताराम पटेल, स्वास्थ्य कार्यकर्ता सुमन यादव, सुमन सिदार ने लेमरू के जामभाठा, बरपाली में स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित योजनाओं की जानकारी लोगों को दी। यहां पर हो रहे काम के बारे में पता किया गया। इसके अलावा आकस्मिक मृत्यु, सर्पदंश की घटना, लोगों की जीवनशैली व स्वच्छता रखरखाव का भी पता किया। यहां पर रक्त अल्पता के तीनए दस्त के दोए शुगर के दो मरीज मिले। कुछ लोगों को सर्दी.खांसी से ग्रसित पाया गया। मितानीन समारी बाई की दवा पेटी का अवलोकन करने के साथ भंडारण व उपचार की जानकारी दी गई।

जल शुद्धिकरण की बताई उपयोगिता स्वास्थ्य टीम के द्वारा वर्षाकाल में अशुद्ध पानी का उपयोग करने से होने वाले नुकसान को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को ब्लिचिंग या क्लोरीन टेबलेट से पानी को शुद्धिकृत करने का तरीका बताया गया। ऐसे पानी को उपयोग में लेने की जरूरत बताई गई। कहा गया कि वर्षाकाल में इस तरह की सावधानी बरतने से लोग अपने आपको सुरक्षित रख सकते हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.वी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU